Regarding request for extension of deadline for uploading of Waqf property details on UMEED portal

डॉ. मोहम्मद जावेद (किशनगंज) : सभापति महोदय, वक्फ प्रॉपर्टीज, जो 9 से 10 लाख के करीब हैं, उनको उम्मीद पोर्टल पर डालने का आज आखिरी दिन है । इसके लिए सिर्फ छह महीने ही दिए गए थे । हमने जेपीसी कमेटी में भी बार-बार कहा था कि यह पॉसिबल नहीं है ।

सभापति महोदय, मुझे आपको बताते हुए अफसोस हो रहा है कि अभी तक 30 परसेंट प्रॉपर्टीज भी रजिस्टर्ड नहीं हो पाई हैं । पश्चिम बंगाल में 12 परसेंट, यूपी में 30 परसेंट, कर्नाटक और तमिलनाडु, जो कम्प्यूटरसेवी है, वहां पर 10 परसेंट भी रजिस्टर्ड नहीं हो पाई हैं ।

माननीय सभापति **:** माननीय सदस्य, आप अपनी डिमांड रखिए ।

डॉ. मोहम्मद जावेद **:** सर, मेरी डिमांड यह है कि इस अवधि को कम से कम छह महीने तक बढ़ाया जाए और उसकी जिम्मेवारी सरकार ले कि एक भी प्रॉपर्टी न छूटे । यह राष्ट्रीय हित में है ।